हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 जून 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 अनुसूचित जाति जनजाति समुदायों के समग्र विकास को लेकर मंथन




## खबर संक्षेप

### टेंट की रस्सी गले में फंसने से युवक की मौत

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। सेंटरिंग का सामान लेकर लौट रहे पिकअप वाहन में सवार युवक टेंट की रस्सी की चपेट में आ गया, जिससे वह वाहन से नीचे गिर पड़ा। हादसा इतना भयावह था कि युवक के गले में गंभीर चोट आने के साथ उसका एक कान भी शरीर से अलग हो गया। इस हादसे की वजह से युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ युवक पिकअप में सेंटरिंग का सामान लेकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में एक स्थान पर धार्मिक आयोजन के लिए टेंट लगाया गया था। बताया जा रहा है कि वाहन जब आयोजन स्थल के पास से गुजर रहा था, तभी टेंट की बंधी रस्सी वाहन में सवार युवक वीरेंद्र सोनी के गले में उलझ गई। रस्सी के जोरदार झटके से वह सीधे सड़क पर जा गिरा। घटना के बाद वाहन में मौजूद अन्य लोगों ने तत्काल घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर खरसिया पुलिस ने जांच शुरू की।

### व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री को भेजा ज्ञापन

**रायगढ़।** खाद्य कारोबार से जुड़े छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत दिलाने की मांग को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी सीएआईटी ने केंद्र सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की है। संगठन ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री चिराग पासवान को ज्ञापन भेजकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों को सरल और व्यापार-अनुकूल बनाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में लागू लाइसेंस नवीनीकरण और प्रशिक्षण संबंधी प्रक्रियाएं अत्यधिक जटिल हैं, जिससे छोटे कारोबारियों को अनावश्यक आर्थिक और प्रशासनिक बोझ उठाना पड़ रहा है। सीएआईटी के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि बार-बार लाइसेंस का नवीनीकरण कराने और अनिवार्य प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को पूरा करने में व्यापारियों का समय और धन दोनों खर्च होते हैं। ऐसे में नियमों को व्यावहारिक और सरल बनाने की आवश्यकता है। रायगढ़ के व्यापारिक संगठनों और स्थानीय व्यापारियों ने भी इस पहल का समर्थन किया है। व्यापारियों का मत है कि यदि किसी व्यवसाय के पते, स्वामित्व या कारोबार की प्रकृति में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, तो एफएसएसएआई लाइसेंस को आजीवन वैधता प्रदान की जानी चाहिए। इससे लाखों छोटे व्यापारियों को बार-बार की औपचारिकताओं से राहत मिलेगी और वे अपने व्यवसाय पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

### सेवानिवृत्ति पर सुशील सतपथी को दी गई विदाई

**रायगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिडमिडा में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ लैब टेक्निशियन सुशील कुमार सतपथी के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनकी दीर्घकालीन सेवाओं को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन खितेश्वर गुप्ता ने किया। उनका स्वास्थ्य विभाग में चयन 5 जुलाई 1989 को जिला चिकित्सालय रायगढ़ में लैब टेक्निशियन के पद पर हुआ था। जिला चिकित्सालय में उन्होंने लगभग 19 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। अपनी कार्यकुशलता, ईमानदारी और समर्पण के कारण वे प्रशासनिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। समारोह में मंच संरक्षक रवि साहू ने कहा कि श्री सतपथी अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा निष्ठावान रहे और सभी कर्मचारियों के साथ भाईचारे का व्यवहार रखते थे।

## भू-जल स्तर के नीचे गिरने से भी बढ़ी समस्या, वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

# भीषण गर्मी में रोज खराब हो रहे बोरवेल 15 दिन में 65 से अधिक निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भीषण गर्मी की वजह से हर दिन करीब 6 से 7 बोर खराब होने की शिकायत नगर निगम के जल विभाग को मिल रही है। नगर निगम क्षेत्र में करीब 15 दिनों के भीतर 65 से अधिक बोर पंप खराब हो चुके हैं। हर दिन किसी ने किसी क्षेत्र का बोर खराब होने की वजह से पानी की समस्या भी संबंधित मोहल्ले में देखने को मिल रही है।

बताया जा रहा है कि ज्यादातर इलाकों में भू जल स्तर नीचे जाने की वजह से पानी की समस्या बनी हुई है। ऐसे में इन प्रभावित इलाकों में बोर पंप ड्राई होने के कारण भी खराब हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि भूजल स्तर के नीचे गिरने के बाद भी कई बार बोर पंप को चालू ही छोड़ दिया जाता है, जिसकी वजह से उसके उपकरण जल जाते हैं। शहर में करीब 400 से अधिक बोर पंप हैं। ज्यादातर, चक्रधर नगर, मिट्ठूमुड़ा, कोतरारोड, राजीवनगर, जूटमिल, जगतपुर, नवागढ़ी, राजापारा, अतरमुड़ा, ढिमरापुर, कबीर चौक आदि इलाकों में ज्यादा समस्या देखने को मिल रही है। भूजल स्तर गिरने की वजह से बीते दिनों फटहामुड़ा में 70 फीट, मिट्ठुमुडा पट्टा गोदाम और बड़ेरामपुर में 50 फीट की पाइप डाली गई है। जानकारी के अनुसार बीते दिनों मधुबन पारा, उरांव पारा, जूटमिल लेबर कॉलोनी, साहेबराम नगर, नया जगतपुर, बाउली कुआं आदि क्षेत्रों में बोर जलने की भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसके साथ ही कई मोहल्लों में बोर में कुछ न कुछ तकनीकी खामियां आने की वजह से रिपेयरिंग कार्य भी किया जा रहा है। जल विभाग के कर्मचारियों की माने तो गर्मी के मौसम में अक्सर इस तरह की समस्याएं देखने को मिलती है। गर्मी के दिनों में अन्य दिनों की अपेक्षा पानी की खपत भी बढ़ जाती है, ऐसे में बोर पंप लगातार कई मोहल्लों में चलते रहते हैं, जिसके इनमें खामियां आती रहती है।



### इन मोहल्लों में होती है पानी की समस्या

जानकारी के अनुसार शहर में मुख्यतः पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा, बडेरामपुर, मोदीपारा, बालसमुंद आदि क्षेत्रों में हर बार पानी की समस्या देखने को मिलती है। जिसकी वजह से इन इलाकों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति कराई जाती है। बारिश होने के साथ ही भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी होने पर यहां जलापूर्ति सामान्य हो जाती है।

### जहां बोर नहीं वहां ज्यादा दिक्कत

नगर निगम क्षेत्र में कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां सार्वजनिक बोर को बीते कांग्रेस शहर सरकार के समय अमृत मिशन से जलापूर्ति करने के नाम पर निकाल दिया गया है। अब बिजली गुल होने के कारण एक ओर अमृत मिशन से पानी नहीं मिल पाता तो दूसरी ओर बोर की सुविधा नहीं होने की वजह से मोहल्लेवासियों को पानी के लिए परेशानी होती है। मुख्य बात यह है कि कई बार मांग करने के बाद भी इन मोहल्ले में पुनः बोर स्थापित नहीं किए जा सके हैं।

## साले की चाकू मारकर हत्या करने वाले जीजा को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पारिवारिक विवाद के दौरान अपने साले की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी जीजा को अदालत ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी दाताराम सारथी को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी दाताराम सारथी का विवाह उर्मिला सारथी के साथ हुआ था। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से संबंध सामान्य नहीं थे, जिसके कारण उर्मिला अपने मायके पत्थलगांव खुर्द में रह रही थी। इसी दौरान उसने एक पुत्र को जन्म दिया था और बच्चे के साथ मायके में ही रह रही थी। एक मई 2022 की शाम आरोपी दाताराम सारथी अपने ससुराल पहुंचा। वहां उसने अपने करीब एक वर्ष के बेटे को पत्नी से छीनकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। पत्नी उर्मिला, उसकी भाभी और भतीजी ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी बच्चे को लेकर घर से निकल गया और मुख्य सड़क की ओर बढ़ने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर उर्मिला का भाई महेश सारथी वहां पहुंचा और आरोपी को बच्चे को ले जाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से महेश सारथी पर हमला कर दिया। आरोपी ने महेश के पेट, पीठ और गर्दन पर कई वार किए। गंभीर चोट लगने से महेश सारथी मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी कुसुम सारथी की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने उसे दोषी करार दिया।

## राइस मिल के गोदाम में लगी आग, पांच घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

- धान-चावल और अन्य सामान जल कर राख, लाखों के नुकसान की संभावना

**रायगढ़।** जिले के जूटमिल थाना क्षेत्र स्थित छातामुड़ा चौक के पास एक राइस मिल के गोदाम में शनिवार देर रात अचानक आग भड़क उठी। आग ने देखते ही देखते गोदाम में रखे चावल, बारदाना और भूसे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आग पर काबू पाया गया।

बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे गोदाम परिसर से धुआं उठता दिखाई दिया। कर्मचारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राइस मिल प्रबंधन, पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि आग तेजी से फैल रही है और गोदाम में मौजूद ज्वलनशील सामग्री के कारण लपटें लगातार बढ़ रही थीं।आग की भयावहता को देखते हुए तीन दमकल वाहनों को मौके पर लगाया गया। फायर कर्मियों ने लगातार पानी की बौछार कर आग को आसपास के हिस्सों में फैलने से रोका। करीब पांच घंटे तक चले अभियान के बाद रविवार तड़के लगभग चार बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक वजह का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन गोदाम में रखे चावल, बारदाना और भूसे को काफी नुकसान पहुंचा है। जिला अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और अब नुकसान का आकलन करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई है।



## सट्टा नेटवर्क का मास्टमाइंड सॉफ्टवेयर इंजीनियर गिरफ्तार, सटोरियों के लिए बनाई थी वेबसाइट

- 5 सेकेंड पहले देता था मैच का अपडेट, कुछ सैंकेड पहले मिले बढ़त से लगते थे दांव

**रायगढ़।** साइबर पुलिस ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है, जो सटोरियों को क्रिकेट सट्टा आईडी उपलब्ध कराने के साथ-साथ तकनीकी सहायता भी दे रहा था। आरोपी ने ऐसी विशेष वेबसाइट विकसित की थी, जिसमें क्रिकेट मैच की जानकारी टीवी प्रसारण से कुछ सेकेंड पहले दिखाई देती थी, जिससे सट्टेबाजों को अवैध लाभ मिलता था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू शंकरनगर क्षेत्र में रहने वाला एक युवक ऑनलाइन सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों को आईडी उपलब्ध कराने और तकनीकी सेवाएं देने का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर साइबर पुलिस की एक टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। पुलिस को देखकर युवक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान आदर्श कुमार केशरी 28 वर्ष के रूप में हुई। जांच के दौरान उसके पास से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मिले, जिनसे ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन और सट्टा आईडी तैयार करता था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है और एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत है। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर एक संगठित नेटवर्क संचालित कर रहा था। यह गिरोह क्रिकेट मैचों के लाइव प्रसारण में होने वाली तकनीकी देरी का फायदा उठाने के लिए विशेष वेबसाइट तैयार करता था। इन प्लेटफॉर्म्स पर मैच की जानकारी सामान्य टीवी प्रसारण से पहले दिखाई देती थी, जिसका उपयोग कर सट्टेबाज बॉल-टू-बॉल सट्टेबाजी में बढ़त हासिल करते थे। यह गिरोह देश के विभिन्न शहरों में सक्रिय सटोरियों को आईडी बेचता था। पहचान छिपाने और कार्रवाई से बचने के लिए वेबसाइटों के नाम, यूजर आईडी और पासवर्ड समय-समय पर बदले जाते थे। इसके अलावा सोशल मीडिया प्रचार, आईडी बिक्री और वेबसाइट संचालन के लिए अलग-अलग लोगों की टीम भी बनाई गई थी। आरोपी केवल तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं था, बल्कि सट्टा कारोबार से जुड़े भुगतान और निकासी की प्रक्रिया में भी सक्रिय भूमिका निभाता था। जांच में यह भी पता चला है कि वेबसाइट डेवलपमेंट और अन्य तकनीकी गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाने वाले लैपटॉप उसके दूसरे ठिकाने पर रखा गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी युवक के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



### फर्जी दस्तावेज दिखाकर रकम हड़पने वाला पंचायत सचिव गिरफ्तार

## बचपन के दोस्त को बेच दी दूसरे की जमीन, 27 लाख की लगाई चपत

**रायगढ़।** जमीन बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के एक मामले में पुसौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी सचिव ने खुद को जमीन का मालिक बताकर एक व्यक्ति से 27 लाख रुपये ले लिए थे, लेकिन बाद में पता चला कि जिस भूमि का सौदा किया गया था, वह उसके नाम पर थी ही नहीं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम लिंजिर निवासी इंद्रजीत वर्मा ने पुसौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनकी पहचान ग्राम बघनपुर निवासी भीचरण पटेल से थी, जो पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है। आरोपी ने पुसौर क्षेत्र स्थित एक भूमि को अपना बताकर बेचने की पेशकश की। भूमि पसंद आने पर वर्ष 2022 में दोनों के बीच 35 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। इस दौरान आरोपी पंचायत सचिव ने किसान किताब और अन्य दस्तावेज दिखाकर खुद को जमीन का वैध मालिक बताया। भरोसा होने पर शिकायतकर्ता ने 27 लाख रुपये अग्रिम राशि के रूप में आरोपी को दे दिए और लिखित समझौता भी किया गया। समय बीतने के बाद भी जब भूमि की रजिस्ट्री नहीं हुई तो शिकायतकर्ता को संदेह हुआ। तहसील कार्यालय में जानकारी लेने पर पता चला कि संबंधित भूमि के संबंध में आरोपी के नाम कोई राजस्व प्रक्रिया लंबित नहीं है और जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है। इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने पैसे वापस मांगे। मामला बढ़ने पर आरोपी ने रकम लौटाने का भरोसा देते हुए 5 लाख रुपये का एक और 11-11 लाख रुपये के दो चेक दिए, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर तीनों चेक बाउंस हो गए।



## पुसौर अपेक्स बैंक के बाहर से चौथी बार गाड़ी की डिक्की से रकम पार

**पुसौर।** पुसौर अपेक्स बैंक के सामने लुटेरों का गिरोह घात लगाए बैठे रहता है। जैसे ही किसान नकदी लेकर अपनी गाड़ी की डिक्की में नोट रखता है, वैसे ही मौका देखकर राशि उड़ा देता है। इस तरह की घटना एक बार नहीं बल्कि चार बार हो चुकी है। धान बेचकर हाथ में आई नकदी लेकर किसान जब अपेक्स बैंक पुसौर से घर लौट रहा होता है तो उसे लुटेरे शिकार की तरह देख रहे होते हैं। 5 जून को फिर वही हुआ जो इस साल चौथी बार हुआ। 40 हजार का बंडल डिक्की से गायब, चेहरा ढके 3 युवक काला चश्मा और बैंक से निकलते ही फॉलो किया। यह संयोग है या सुनियोजित गिरोह का काम है, सवाल बैंक की सुरक्षा पर है।

बैंक वो जगह है जहां आम आदमी अपनी गाढ़ी कमाई रखने आता है, लेकिन पुसौर के अपेक्स बैंक की चौखट लांघते ही सुरक्षा खत्म हो जाती है। चेहरे ढके लोग कैश काउंटर के पास खड़े होकर किसान को घूर रहे हैं कोई रोकने टोकने वाला नहीं। सीसीटीवी लगे हैं पर डर किसे है बाहर न पुलिस न बैंक का सिक्योरिटी गार्ड। किसान अपने किसान साथी के साथ होने के बाद भी अकेला है और चोरों का गिरोह पूरी तैयारी के साथ। साल में 4 बार एक ही जगह एक ही पैटर्न से चोरी होना यह साबित करता है कि चोरों को बैंक और पुलिस की कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी है। उन्हें पता है कि किसान 100-100 के नोट का बंडल बनाएगा डिक्की में रखेगा और रास्ते में रुकेगा।

## भोजन, राशन, शिक्षा और व्यवस्थाओं के साथ सूर्य विहार में बसाए गए परिवार

# जोगीडीपा से 42 परिवारों का पुनर्वास, निगम ने कराया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के विकास कार्यों को गति देने और प्रस्तावित केनाल लिंक रोड निर्माण कार्य के लिए जोगीडीपा से 42 परिवारों को नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्थित और मानवीय दृष्टिकोण के साथ सूर्या विहार प्रधानमंत्री आवास योजना के मल्टी स्टोरी भवनों में शिफ्ट कराया गया। इस पूरी प्रक्रिया में प्रभावित परिवारों को केवल स्थानांतरित नहीं किया गया, बल्कि उनकी सुविधाओं, सुरक्षा और पुनर्वास की पूरी जिम्मेदारी भी निगम प्रशासन द्वारा निभाई गई।

नगर निगम प्रशासन द्वारा सुबह से ही 8 ट्रैक्टर एवं एक लीलैंड मिनी ट्रक की सहायता से परिवारों के घरेलू सामानों को सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित किया गया। शिफ्टिंग के दौरान निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम लगातार मौके पर मौजूद रही और सामानों की पैकिंग, लोडिंग,अनलोडिंग तथा व्यवस्थित तरीके से रखने तक में सहयोग करती रही। सूर्या विहार प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर पहुंचने पर आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने फीता काटकर नए आवासों का शुभारंभ कराया तथा प्रतीकात्मक रूप से चाबी प्रदान कर परिवारों को नए घरों में प्रवेश कराया। इस दौरान कई परिवारों ने नए आवास मिलने पर संतोष और खुशी व्यक्त की। पुनर्वास प्रक्रिया के दौरान निगम प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के लिए भोजन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की। सभी परिवारों को सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं रात का भोजन उपलब्ध कराया गया, ताकि स्थानांतरण के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



### बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए स्कूल प्रवेश प्रक्रिया शुरू

प्रभावित परिवारों के बच्चों की शिक्षा बाधित न हो इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा पास के स्कूलों में प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों को आवश्यक समन्वय के निर्देश दिए गए हैं ताकि बच्चों को जल्द से जल्द नजदीकी स्कूलों में प्रवेश मिल सके और उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सके।

### 3 माह का राशन उपलब्ध कराया गया

कमिश्नर श्री क्षत्रिय के निर्देश पर शिफ्ट हुए परिवारों को प्रारंभिक समय में खाद्य सामग्री संबंधी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और वे आसानी से नई व्यवस्था में स्वयं को स्थापित कर सकें इसके उद्देश्य से राशन की भी व्यवस्था की गई है।

### अधिकारियों की लगी ड्यूटी

पुनर्वासित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सूर्याविहार परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही प्रभावित परिवारों को अधिकारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सीधे संपर्क कर सकें और समस्याओं का त्वरित समाधान हो

### थाना क्षेत्रों में कार्रवाई तीन तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल थाना खरसिया चौकी और छाल थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से देशीए अंग्रेजी और महुआ शराब समेत कुल 29.50 लीटर अवैध शराब तथा नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के काशीराम चौक में एक युवक द्वारा अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्रवाई की गई। मौके से सतीश भटपहरे 21 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके पास से बड़ी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब बिक्री से जुड़ी नकदी भी बरामद की है।वहीं खरसिया चौकी पुलिस ने पनखतिया तालाब पार क्षेत्र में दबिश देकर राहुल सारथी 28 वर्ष को 10 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम केनापारा में 15 दिनों से लापता युवक का शव कुएं में पड़ा मिला

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी क्षेत्र के केनापारा-बहरापारा में शुक्रवार दोपहर करीब 35 वर्षीय युवक का शव एक कुएं से बरामद किया गया। शव काफी सड़ी-गली अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार रामकुमार राजवाड़े ने सूचना दी कि केनापारा स्थित उनके खेत के कुएं में एक युवक का शव मुंह के बल पड़ा दिखाई दे रहा है। सूचना पर करंजी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव काफी दिनों पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़ चुका था। मौके पर चिकित्सक को बुलाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पहचान के लिए आसपास के लोगों और परिजन को बुलाया गया, जिसके बाद मृतक की पहचान जयप्रकाश राजवाड़े, निवासी ग्राम खोपा के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि जयप्रकाश राजवाड़े शराब सेवन का आदी था और कुछ समय से अपनी विधवा बहन के घर रह रहा था, वह करीब पंद्रह दिनों से लापता था। पुलिस ने शव की शिनाख्त और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजन को सौंप दिया है। करंजी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल पाने की बात पुलिस ने कही है।

### ससुराल आए युवक पर किया गड़ासे से हमला

**बिहारपुर।** ग्राम कछवारी अपने ससुराल आए दमोह निवासी युवक पर गांव के युवकों ने लाठी-डंडे एवं गड़ासे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दमोह निवासी शिवमंगल गोड़ अपने ससुराल ग्राम कछवारी आया था। उसने परिवार के सदस्यों एवं गांव के कुछ युवकों के साथ खाना खाया। भोजन उपरांत युवकों के कहने पर वह उन्हें उनके घर छोड़ने गया था। इस दौरान किसी बात से नाराज मुन्ना एवं उसके साथियों ने लाठी डंडे व गड़ासे से हमला कर दिया जिससे शिवमंगल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 की टीम घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। युवक का एमएलसी कराने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।

### जुआ खेल रहे शिक्षक व जनपद सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलरामपुर।** दहेजवार जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे दो जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है जबकि अन्य जुआरी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस के हत्थे लगे जुआरी में एक शिक्षक व दूसरा जनपद सदस्य हैं। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि दहेजवार जंगल में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे गांव के ही दीपक गुप्ता आ. श्रवण साव एवं वार्ड क्रमांक 7 निवासी राम प्रसाद आ. केशव को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 3 हजार रुपए एवं 3 बाइक जब्त किया वहीं पुलिस के दबिश देने के दौरान जुआ खेल रहे अन्य जुआड़ी अंधेरा का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने जंगल में जिन जुआरियों को पकड़ा उसमें राम प्रसाद सोनवानी शिक्षक हैं तथा दीपक गुप्ता जनपद सदस्य हैं। शिक्षक के जुआ खेलते पकड़े जाने पर शिक्षकों तथा जन-प्रतिनिधि जनपद सदस्य दीपक गुप्ता द्वारा जुआ जैसे खेल जंगल में कराने पर जनप्रतिनिधियों ने उनकी कड़ी आलोचना की है।

---

### गिनाबहार में विकसित होगी 17 करोड़ की आधुनिक परियोजना

# कुनकुरी में बनेगी पहली आधुनिक आवासीय कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और निर्देशों के अनुरूप छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा कुनकुरी विकासखंड के ग्राम गिनाबहार में अटल विहार योजना के तहत एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित आवासीय परियोजना विकसित की जा रही है। यह परियोजना क्षेत्र में योजनाबद्ध शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं किफायती आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है। विशेष बात यह है कि यह कुनकुरी क्षेत्र की पहली आधुनिक एवं नियोजित आवासीय कॉलोनी होगी, जहां विभिन्न आय वर्गों के लिए कुल 97 आवास निर्मित किए जाएंगे।

■ अटल विहार योजना के तहत निर्मित होंगे 97 आवास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रदेश के सभी 33 जिलों में आवासीय योजनाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में ग्राम गिनाबहार की यह परियोजना न केवल क्षेत्र के आवासीय विकास को नई दिशा देगी, बल्कि कुनकुरी और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास तथा लोगों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव लाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि जशपुर जिले में आगामी समय में अटल विहार योजना अंतर्गत बालाछापर, पत्थलगांव तथा अटल आवास योजना अंतर्गत महुआ टोली कंदोरा में भी आवासीय परियोजनाएं प्रारंभ की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कुनकुरी में कोई व्यवस्थित कॉलोनी मण्डल अथवा प्राईवेट बिल्डर्स द्वारा विकसित नही किया गया है। परियोजना स्थल कुनकुरी-बगीचा मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-43) से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शहर से सटे इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति इसे आवासीय विकास के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती है। परियोजना स्थल के आसपास एशिया के द्वितीय सबसे बड़े चर्च, हॉलीक्रॉस मिशन अस्पताल, लोयला स्कूल एवं लोयला महाविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थान लगभग 3 से 3.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, भविष्य में इस क्षेत्र में शासकीय अस्पतालों, शासकीय कार्यालयों एवं अन्य महत्वपूर्ण शासकीय भवनों के निर्माण की भी योजना है। वर्तमान में परियोजना स्थल के निकट शासकीय अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन विकासात्मक गतिविधियों से क्षेत्र के सुनियोजित विस्तार को गति मिलेगी तथा भूमि के मूल्य में वृद्धि की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। इस दृष्टि से यह परियोजना न केवल आवासीय आवश्यकता की पूर्ति करेगी, बल्कि निवेश के लिए भी एक आकर्षक विकल्प साबित हो सकती है।

#### 7 एकड़ में होगी परियोजना

आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर ग्राम गिनाबहार, तहसील कुनकुरी में लगभग 7 एकड़ भूमि पर यह महत्वाकांक्षी परियोजना विकसित की जा रही है। इसके लिए 17 करोड़ 15 लाख 71 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के तहत विभिन्न आय वर्गों के लिए कुल 97 आवासों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें मैं एवं स्प्ळ श्रेणी 91 आवास शामिल हैं। अटल विहार योजना के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा गृह निर्माण मंडल एवं अधोसरंचना विकास मंडल को मात्र एक रुपये प्रति वर्गफीट की दर से भूमि आवंटित की गई है। साथ ही पात्र हितग्राहियों को ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 80 हजार रुपये तथा एलआईजी श्रेणी में 40 हजार रुपये का अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

#### बेहतर प्लानिंग के साथ निर्माण

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि यह कॉलोनी आधुनिक सुविधाओं एवं बेहतर नगर नियोजन के मानकों के अनुरूप विकसित की जाएगी। कॉलोनी में चौड़ी एवं सुव्यवस्थित सड़कें, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था, हरित एवं स्वच्छ वातावरण, सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं तथा अन्य बुनियादी अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एक सुनियोजित आवासीय परिसर के रूप में विकसित होने वाली यह परियोजना भविष्य में क्षेत्र की सबसे आकर्षक आवासीय कॉलोनियों में शामिल हो सकती है और नागरिकों को बेहतर जीवन गुणवत्ता उपलब्ध कराएगी।

---

## शिव पुराण कथा के पांचवें दिन उमड़ी महिलाओं की भीड़



**पत्थलगांव।** श्याम मंदिर परिसर में चल रही श्री शिव पुराण कथा के पांचवें दिवस कथावाचक पवन कुमार त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को शिव महापुराण का रसपान कराते हुए व्रत एवं उपवास की परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा पंडाल में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिनमें महिलाओं की संख्या विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

कथा के दौरान पवन त्रिपाठी ने महिलाओं द्वारा किए जाने वाले व्रतों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि शास्त्रीय मान्यता के अनुसार महिलाओं को पति की दीर्घायु के लिए तीज व्रत तथा पुत्र की मंगलकामना के लिए गणेश व्रत करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गणेश व्रत कृष्ण पक्ष में किए जाने का विधान है। इसी क्रम में उन्होंने करवा चौथ व्रत को लेकर भी अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में करवा चौथ का व्रत व्यापक रूप से प्रचलित हो चुका है, जबकि उनके अनुसार किसी भी प्रमुख शास्त्र या पुराण में इस व्रत का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता। अपने विचार को उदाहरण के माध्यम से समझाते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देसी गायों के बीच जर्सी गाय का प्रचलन बढ़ा है, उसी प्रकार पारंपरिक व्रतों के बीच करवा चौथ भी समाज में लोकप्रिय हो गया है। कथा के दौरान शिव पुराण के विभिन्न प्रसंगों का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो गए। कथा समापन के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

---

### दुलदुला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीयर सपोर्ट मीटिंग आयोजित

## सिकल सेल मरीजों के लिए योग सत्र और स्वास्थ्य जागरूकता

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के सहयोग से संगवारी संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में सिकल सेल ओपीडी के साथ-साथ पीयर सपोर्ट मीटिंग का आयोजन किया गया।

■ विशेषज्ञों ने स्वस्थ जीवनशैली और सिकल सेल बचाव की दी जानकारी



कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल से प्रभावित मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, परामर्श एवं मानसिक सहयोग प्रदान करना था।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला की प्रभारी बीएमओ डॉ. अंजली निराला, सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. दीपिका, जिला अस्पताल से योग चिकित्सक डॉ. कृपाचार्य यादव, संगवारी संस्था के सहायक जिला समन्वयक विक्रम प्रामाणिक तथा स्टाफ नर्स रीतू मंडल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में 22 सिकल सेल मरीजों एवं उनके परिजनों सहित कुल 40 लोगों ने भाग लिया। इस दौरान चिकित्सकों ने बढ़ती गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य की विशेष देखभाल, पर्याप्त पानी पीने, पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने तथा नियमित दिनचर्या अपनाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। योग चिकित्सक डॉ. कृपाचार्य यादव ने प्रतिभागियों को अनुलोम - विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं तिर्यक ताड़ासन सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए।

---

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मना रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों से रोजगार की मांग प्राप्त की गई तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

■ ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा'

रोजगार दिवस के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं पंचायत कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया, जॉब कार्ड निर्माण एवं संशोधन, कार्य मांग पंजीयन, मजदूरी भुगतान की व्यवस्था तथा योजना के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई।




#### योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, युवाओं एवं कमजोर वर्गों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मनरेगा एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के प्रयास किए गए। रोजगार दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक इच्छुक ग्रामीण परिवार को समय पर रोजगार उपलब्ध कराना, योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ग्राम स्तर पर विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से रोजगार दिवस आयोजित कर रोजगार मांग का पंजीयन एवं समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

इस दौरान ग्रामीणों से आगामी कार्यों के लिए रोजगार मांग आवेदन प्राप्त किए गए तथा पात्र हितग्राहियों के नवीन जॉब कार्ड बनाने एवं पुराने जॉब कार्डों के अद्यतन का कार्य भी किया गया। पंचायत स्तर पर प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण करते हुए ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। रोजगार दिवस में मनरेगा के अंतर्गत संचालित जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि जिले में सोक पिट, कंटूर ट्रेंच, वॉटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच ॅ;ज्द्ध नवा तरिया, आजीविका डबरी, तालाब, एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यों के माध्यम से रोजगार सृजन के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का कार्य भी किया जा रहा है। इन कार्यों से जल स्तर में सुधार, कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा ग्रामीणों की आय बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

---

## ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मवेशी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

ग्राम पंचायत बेलडेगी के घिचापारा में रविवार की सुबह ट्रांसफार्मर से जमीन पर करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में बिजली विभाग के ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जानवर की जगह कोई इंसान या बच्चा इसकी चपेट में आता, तो आज एक बहुत बड़ी जनहानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक घटना रविवार सुबह करीब 8 बजे की है। घिचा पारा निवासी सेत राम कुम्हार की गाय पास ही मौजूद ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रही थी। सुबह हुई बारिश के कारण वहां की जमीन पूरी तरह गीली थी और ट्रांसफार्मर से करंट सीधे जमीन पर आ रहा था। जैसे ही गाय वहां पहुंची, वह करंट की चपेट में आ गई और उसकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि करंट इतना जोरदार था कि ट्रांसफार्मर के नीचे की पूरी जमीन में अर्थिंग आ रही थी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे खंभे में किसी प्रकार का सेटअप बॉक्स भी नहीं लगाया गया है और डायरेक्ट ट्रांसफार्मर से एल टी में सप्लाई दे दी गई है। हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सजगता दिखाते हुए लाइट कटने की सूचना बिजली विभाग को दी। लेकिन घटना के घंटों बाद तक भी कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।



### बोरवेल वाहन के नीचे सो रहे किशोर को चालक ने कुचला, मौत

**बिहारपुर।** चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन के दौरान चालक ने बोरवेल ट्रक के नीचे सो रहे किशोर मजदूर को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में बोरवेल वाहन को जब्त किया है। शुक्रवार को ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन करने सीमावर्ती बैढ़न से बोरवेल वाहन क्रमांक केए01ईई 1554 लेकर चालक एवं कर्मचारी पहुंचे थे तथा मशीन से ट्यूबवेल खनन कर रहे थे। वाहन पर तैनात मजदूरों में ग्राम खदौली, बैढ़न निवासी 13 वर्षीय किशोर वंश बहादुर आ.लाल बहादुर भी शामिल था। दोपहर में कर्मचारी खनन बंद कर भोजन करने के उपरांत छाया में आराम कर रहे थे मजदूर किशोर वंश बहादुर वाहन के नीचे सोया था।

## हरित सेवा समिति ने कृष्ण कुंज में किए पौध रोपण

**पुसौर।** हरित सेवा समिति का पर्यावरण सुरक्षा पर प्रयास, ष्कृष्ण कुंज वाटिका में हरित सेवा समिति ने किया पौधरोपण, पर्यावरण दिवस पर लिया संरक्षण का संकल्प।

पुसौर क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा को लेकर हरित सेवा समिति पिछले कई वर्षों से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहा है इसके साथ ही शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी यह समिति प्रावीण्य सूची में आए छात्रों को सम्मानित करती है। कुछ साल पहले जल जंगल की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर स्वतंत्र पत्रकार एवं पर्यावरणविद स्व. शिव राजपूत के अगुवाई में केलो पर्यावरण पदयात्रा हरित सेवा समिति प्रमुख सीताराम चौहान अपने साथियों के साथ की थी। जिसका शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केलो नदी के संगम स्थल तिलगी से प्रारंभ की गई थी जो केलो के उद्गम स्थल पहाड़ लुड़ेक में संपन्न हुआ था। इन सभी गतिविधियों को याद करते हुए एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित हुआ और सांकेतिक रूप से पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुसौर के कृष्ण कुंज वाटिका में पौधरोपण किया गया।



---

### स्वास्थ्य विभाग की जांच के दौरान मैनपाट में सामने आए अलग-अलग कारण

# ग्रामीणों की मौत के मामले में नहीं मिले पीलिया एवं हेपेटाइटिस के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

विकासखंड मैनपाट में पीलिया से पांच लोगों की मृत्यु होने संबंधी जानकारी आने के बाद स्वास्थ्य, राजस्व एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि सभी मृतकों की मृत्यु के कारण अलग-अलग थे तथा इन्हें सामूहिक रूप से पीलिया या जलजनित संक्रमण से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है।

संयुक्त दल द्वारा मृतकों के परिजन से चर्चा, वर्बल ऑटोप्सी, संभावित मरीजों की स्वास्थ्य जांच तथा पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि ग्राम कुनिया निवासी जितेन्द्र यादव की मृत्यु अस्पताल की रिपोर्ट एवं वर्बल ऑटोप्सी के अनुसार सेप्टिक शॉक के कारण हुई थी। वहीं ग्राम बरिमा निवासी श्रीमती भगवती यादव में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई थी, जबकि रायपुर स्थित चिकित्सकीय संस्थानों की रिपोर्ट में उनकी मृत्यु का कारण यकृत संबंधी जटिलताएं एवं कार्डियो-रेस्पिरेटरी अरेस्ट बताया गया है। इसी प्रकार ग्राम बरिमा के विकास यादव की मृत्यु के संबंध में चिकित्सा रिपोर्ट में अलग-अलग चिकित्सकीय कारणों का उल्लेख है। ग्राम नर्मदापुर निवासी विकास यादव को हेपेटाइटिस नहीं था तथा वे बचपन से सिकल सेल रोग से पीड़ित थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। ग्राम केसरा निवासी आकांक्षा यादव भी हेपेटाइटिस से प्रभावित नहीं थीं। वे लंबे समय से टीबी एवं श्वसन संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं तथा उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। जांच दल ने बताया कि सभी मृतक अलग-अलग गांवों एवं मोहल्लों के निवासी थे, जिनके बीच लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी है। स्वास्थ्य अमले द्वारा मृतकों के परिवारों एवं आसपास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने पर किसी अन्य सदस्य में पीलिया अथवा हेपेटाइटिस के लक्षण नहीं पाए गए। इससे जल स्त्रोतों के माध्यम से किसी सामूहिक संक्रमण की पुष्टि नहीं होती है। एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया जा रहा है। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण एवं पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।



---

## डेली नीड्स दुकान की आड़ में पिता-पुत्र बेच रहे थे गांजा, चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

शहर में गांजा का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के कई वार्ड में गांजा का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है बावजूद इसके आज तक कारोबारियों पर पुलिस अंकुश लगाने नाकाम रही। हाल ही में जयनगर थाना क्षेत्र में यात्री बस में गांजा तस्करी कर रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ा जिसके बाद सरगुजा की पुलिस भी सक्रिय हो गई है। दोपहर कोतवाली पुलिस ने शहर के बीच डेली नीड्स दुकान के आड़ में गांजा ब्रिकी करने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से डेढ़ लाख कीमत के 3 किलो गांजा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार शहर के बीच केदारपुर पुराना नगर निगम कार्यालय समीप निवासी शिवम सोनी आ. नरेश सोनी घर के सामने डेली नीड्स दुकान का संचालन करते है। आज दोपहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुकान में दबिश देकर घर व दुकान की तलाशी ली तो डेढ़ लाख कीमत के एक झोले में रखे लगभग 3 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा को जब्त कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी पिता-पुत्र से गांजा के संबंध में पूछताछ में जुटी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पिता पुत्र लंबे समय से डेली नीड्स दुकान की आड़ में गांजा का अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस को पूर्व में भी दुकान में गांजा बिक्री करने की शिकायत मिली थी। बताया जाता है कि दुकान संचालक दुकान के आड़ में शहर के युवाओं को गांजा ब्रिकी करता था और रात में दुकान के सामने युवकों की भीड़ लगी रहती थी।



# पेड्डी' विवादः बुची बाबू सना ने मांगी माफी

**हैदराबाद ।** राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' को रिलीज हुए दो दिन हो चुके हैं। इस बीच फिल्म विवादों के घेरे में भी घिर गई है। फिल्म में जान्हवी कपूर के किरदार और कुछ रोमांटिक सीन्स को लेकर जमकर आलोचना हो रही है। ऐसे में फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस विवाद पर सफाई देते हुए माफी मांग ली है। डायरेक्टर ने सोशल मीडिया प्लटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सिनेमा का काम दर्शकों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ना है। इससे किसी को असहज या बेइज्जती महसूस नहीं होनी चाहिए।

लाइफ Style

# शरवरी

## भाषाएं करती हैं मुझे आकर्षित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा।

शरवरी वाघ ने कहा,'घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था। शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है। शरवरी ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं। शरवरी ने कहा, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# अमीर म्यूजिशियन में हुईं शुमार

**लॉस एंजेलिस।** टेलर स्विफ्ट दुनिया की सबसे अमीर म्यूजिशियन की लिस्ट में शुमार हो गई हैं। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगर की नेटवर्थ 2 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। इसी नेटवर्थ के साथ वह संगीत की दुनिया की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। उन्हें ये कामयाबी उनके म्यूजिक टूर से हुई जबरदस्त कमाई और अपने गानों की ओनरशिप को वापस लेने के लिए उठाए गए उनके समझदारी भरे कदम से मिली है। इन आंकड़ों के साथ टेलर स्विफ्ट को अरबपति का दर्जा मिल गया है।



# जेनिफर ने तोड़ी अफवाहों पर चुप्पी

**लॉस एंजेलिस।** जेनिफर लोपेज इस वक्त सिंगल हैं। हालांकि, कुछ फैंस ने कयास लगाए हैं कि जेनिफर ने अपनी फिल्म 'ऑफिस रोमांस' के को-स्टार के साथ रियल लाइफ में रोमांस शुरू कर दिया है। हालांकि, इन अफवाहों पर खुद ही चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि लोपेज और 45 साल के गोल्डस्टीन इन दिनों नेटफ्लिक्स रोमांटिक कॉमेडी 'ऑफिस रोमांस' में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट को लेकर अपने प्रमोशनल टूर के दौरान कपल की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आई और इसी के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी अटकलें लगने लगीं। लोपेज ने अपनी डेटिंग की अफवाहों पर साफ-साफ बात की। उन्होंने कहा, 'ऐसा कभी नहीं होता कि जब मुझे किसी के साथ देखें या किसी के साथ काम करते हुए देखा जाए तो लोग मुझे उस व्यक्ति के साथ न जोड़ें।



# 'बेबी डू डाई डू' का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें एक्ट्रेस का अवतार चौंकाने वाला है। फैंस क्रेजी हो गए हैं और वो तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। टीजर की शुरुआत कॉमिक स्टाइल में होती है और यह काफी इंगेजिंग है। हुमा कुरैशी इसमें एक किलर के रोल में नजर आ रही हैं और उनका अंदाज एकदम बेखौफ और धाकड़ है। इसमें हुमा कुरैशी एक हिटवुमन के रोल में हैं। टीजर में दिखाया गया है कि मुंबई में लगातार हत्याएं हो रही हैं, पर कातिल कौन है, इसका किसी को कुछ पता नहीं है। मीडिया से लेकर पुलिस खोजबीन कर रही है, पर कातिल का कहीं कोई सुराग नहीं। फिर पता चलता है कि कातिल एक महिला है, जो बोल-सुन नहीं सकती है और वो हैं हुमा कुरैशी फिल्म को नचिकेत सामंत ने डायरेक्ट किया है।



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' पड़ी फीकी...

मुंबई। सिनेमाघरों में जब दो फिल्में एक ही दिन रिलीज हो तो बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तुलना अक्सर की जाती है। इसी तरह 5 जून को रिलीज हुईं दो फिल्में, अनुराग कश्यप की 'बंदर' और डेविड धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है।' दोनों ही फिल्मों की शैली एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। इसके बावजूद फिल्मों को उनकी ऑडियंस मिली और फिल्मों को पसंद किया गया। फिल्म की रिलीज के पहले दिन इनकी कमाई का बात करें तो 'बंदर' थोड़ी फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। कलेक्शन के मामले में 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म ने बंदर को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड धवन के निर्देशन में बनी 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म 9081 शोज में चली, जिससे फिल्म का पहले दिन का नेट कलेक्शन 7.50 करोड़ रुपए रहा।

टीवी मसाला

# एकता ने स्मृति पर लुटाया प्यार..

**मुंबई।** अभिनेत्री स्मृति ईरानी और टेलीविजन की महारानी एकता कपूर ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को दो दशकों से अधिक पुरानी अपनी अटूट दोस्ती की झलक दिखाई है। एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्मृति की साझा की गई एक पोस्ट को रीशेयर किया, जिसमें स्मृति ने एकता को उनके नए व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दीं। स्मृति के प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए एकता ने कहा कि स्मृति का साथ उनके लिए गर्व की बात है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एकता ने लिखा, मेरी तुलसी, तुम्हारा साथ मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। साथ में उन्होंने दिल वाले इमोजी भी लगाए। स्मृति ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, आप हमेशा से ही चमकती रही हैं, एकता कपूर और आज आपने दूसरों को भी अपनी चमक बिखेरने का मौका दिया... एक और सफलता के लिए बधाई। एकता ने स्मृति को मशहूर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में उनके किरदार के नाम से संबोधित किया। इस शो की बात करें तो इसका निर्माण बालाजी टेलीफिल्म्स ने किया था और इसका प्रीमियर 2000 में हुआ था। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' शो जुलाई 2000 में पहले सीजन के रिलीज होने के 25 साल बाद अगस्त 2025 में इसका दूसरा सीजन शुरू हुआ। स्मृति ईरानी तुलसी का किरदार निभा रही हैं और अमर उपाध्याय एक बार फिर मिहिर की भूमिका में नजर आ रहे हैं।



# शिल्पा का विवादित पोस्ट, कहा- 'हमेशा बोलने को तैयार, जो उखाड़ना है उखाड़ लो



**मुंबई।** अंगूरी भाभी के किरदार से घर घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। साल 2017 में उन्होंने 'भाभी जी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न का इल्जाम लगाया था। अब हाल ही में भारती सिंह के पॉडकास्ट पर उन्होंने कबूला कि वो इल्जाम झूठा था। ये बात सामने आते ही कई लोगों के रिएक्शन इस पर देखने मिले। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर एक्ट्रेस हिना खान ने भी शिल्पा शिंदे के खिलाफ अपना रिएक्शन दिया। शिल्पा शिंदे की जमकर ट्रोलिंग शुरु हो गई।

ऐसे में शिल्पा ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिस पर लिखा था- 'हमेशा बोलने को तैयार, जो उखाड़ना है उखाड़ लो।' साथ ही बिना किसी का नाम लिए कैप्शन में लिखा- 'जलने वालों जलते रहो अपना खून किसी जरूरतमंद को मत दो, जला जलाकर खत्म कर दो।' शिल्पा शिंदे ने पॉडकास्ट में बताया कि साल 2016 में जब उन्होंने 'भाभी जी घर पर है' शो छोड़ा, तब उनका मेकर्स के साथ कॉन्ट्रेक्ट को लेकर विवाद चल रहा था। अपने पैसे लेने के लिए एक्ट्रेस मजबूर हो गईं थीं इसलिए उन्होंने प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न का झूठा इल्जाम लगाया। बाद में उन्होंने मेकर्स के साथ सेटलमेंट कर ली थी। हैरानी की बात ये है कि एक्ट्रेस ने सालों तक इस बात छिपाकर रखा और करीब 9 साल बाद इस बात खुलासा किया।

## दीया : करियर के शिखर पर लिया ब्रेक

**मुंबई।** अभिनेत्री दीया मिर्जा ने हाल ही में अपने जीवन के ऐसे दौर को याद किया, जब वह कॅरियर की ऊंचाइयों पर होने के बावजूद अंदर से खुद को अधूरा महसूस कर रही थीं। दीया ने बताया कि केवल 24 साल की उम्र में उन्होंने दो साल के लिए काम से दूरी बनाने का फैसला किया था। दीया ने कहा, मैंने जीवन का एक बड़ा हिस्सा मॉडलिंग और अभिनय की दुनिया में बिताया, लेकिन एक समय ऐसा आया, जब मुझे अपने काम और अपने विचारों के बीच अंतर महसूस होने लगा। उन्होंने कहा, यह ब्रेक मेरे लिए सिर्फ काम से दूरी बनाने का समय नहीं था, बल्कि खुद को फिर से समझने और पहचानने की यात्रा थी। यह अपने घर लौटने जैसा अनुभव था। इस समय ने मेरी यह समझने में मदद की कि जीवन में केवल नाम, पैसा और लोकप्रियता ही सबकुछ नहीं है। असली खुशी तब मिलती है, जब इंसान अपने काम, विचारों और उद्देश्य के साथ जुड़ाव महसूस करे।



# कॉकटेल में अपने रोल को लेकर डरी हुई थीं रश्मिका

**मुंबई।** फिल्म पुष्पा की श्रीवल्ली और एनिमल की गीतांजलि जैसी भूमिकाओं से बिल्कुल अलग अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आगामी फिल्म कॉकटेल 2 में एक ग्लैमरस और बिंदास लड़की दीया की भूमिका में नजर आएंगी। कॉकटेल में 'दीया' का रोल स्वीकार करने से पहले रश्मिका के मन में भी कई सवाल थे। इस बारे में रश्मिका कहती हैं, मैं बहुत डरी हुई थी, क्योंकि मैंने अब तक जितनी फिल्में की हैं, उनमें से इसमें मेरा लुक अब तक का सबसे ज्यादा ग्लैमरस और बिंदास है। इससे पहले कि मेरी जिस तरह की फिल्में रही हैं, उनको ध्यान में रखकर मैंने सोचा कि दर्शकों को मुझसे कुछ गंभीर या ड्रामेटिक परफार्मेंस की उम्मीद होगी। इसमें मैंने पहली बार ऐसा कुछ हल्का-फुल्का, प्यार, दोस्ती और पागलपन पर आधारित काम किया है। रश्मिका ने कहा, शुरू में मेरे मन में भी यह सवाल था कि क्या इस फिल्म के साथ आगे बढ़ना सही निर्णय होगा।




# थिएटर में चीखने-चिल्लाने की आवाजें, रिकॉर्ड तोड़ रही 'ऑब्सेशन'

*लॉस एंजेलिस। बीते कुछ सालों में रोमांस से भरपूर फिल्मों की बजाय हॉरर फिल्मों ने इंडस्ट्री में अपना दबदबा बना लिया है। हॉरर फिल्मों में भी लोगों को सिर्फ भूत प्रेत की कहानी पसंद नहीं आती बल्कि लोगों को हॉरर फिल्मों में दमदार स्टोरी के साथ ही इमोशनल और मेंटल स्ट्रेस से भरपूर फिल्मों में मजा आता है। हॉरर फिल्मों का क्रेज लोगों के मन में इतना ज्यादा बढ़ गया है कि लोग इसे बेहतर साउंड इफेक्ट्स के साथ थिएटर्स में देखना पसंद करते हैं। तो अगर आपको हॉरर फिल्में देखने का शौक है तो हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया है।*

## सिर्फ 9 करोड़ में बनी फिल्म, कमा डाले 1400 करोड़

### फिल्म की कहानी

यह कहानी बेयर की है, जो एक अकेला और रोमांटिक लड़का है और एक म्यूजिक स्टोर में काम करता है। वह बचपन से ही अपनी दोस्त और साथ काम करने वाली निक्की से चुपके-चुपके प्यार करता है। अपने दिल की बात कहने की एक और नाकाम कोशिश के बाद, बेयर एक क्रिस्टल की दुकान पर जाता है और 'वन विश विलो' नाम की एक अजीब चीज खरीदता है। वह एक विश मांगता है कि निक्की उसे दुनिया में किसी भी और इंसान से ज्यादा प्यार करे। उसकी यह विश काफी खतरनाक तरीके से पूरी होती है। निक्की की फीलिंग्स बेकाबू, जुनून भरी हो जाती है। उसका प्यार घुटन भरा हो जाता है। वह बेयर से दूर नहीं रह पाती। जब बेयर उससे दूर जाता है तो वह घबरा जाती है, और जैसे-जैसे उसका प्यार एक जुनून में बदलता है, वह बेहद डरावना बर्ताव करने लगती है।



**'ऑब्सेशन' की स्टोरी ने उड़ाए होश :** हम बात कर रहे हैं साल 2026 में आई धमाकेदार फिल्म ऑब्सेशन की जिसकी स्टोरी ने लोगों को होश उड़ा दिए हैं और इस फिल्म को देखकर लोग डर के मारे थर-थर कांप रहे हैं। फिल्म के अंदर कुछ ऐसे सीन डाले गए हैं, जिनके अचानक सामने आते ही किसी की भी चीख निकल जाएगी।

### 'ऑब्सेशन' का इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन

29 मई को रिलीज हुई फिल्म 'ऑब्सेशन' के बारे में 9 से 10 करोड़ रुपए में बनी ये हॉरर फिल्म फैन्स के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। दुनिया भर में इस फिल्म ने 10 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों में से एक बन गई है। भारत में भी, 'ऑब्सेशन' सिनेमाघरों में काफी अच्छा परफॉर्म कर रही है। 'ऑब्सेशन' इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की दुनिया भर में कुल कमाई करीब 1400 करोड़ रुपए (162 मिलियन डॉलर) हो गई है।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय समाज सम्मेलन में शामिल हुए वित्त मंत्री



**रायगढ़।** धमतरी जिले के ग्राम छाती में कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित विशाल सम्मेलन में सामाजिक एकता, शिक्षा और विकास पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम में वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। उन्होंने समाज को सरकार की विकास यात्रा से जोड़ने का आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कुर्मी क्षत्रिय समाज सदियों से अन्नदाता और रक्षक की दोहरी भूमिका निभाता आया है। आज समय की मांग है कि हम अपनी पारंपरिक मेहनत और अनुशासन को शिक्षा, तकनीक और उद्यमिता से जोड़ें। गांव का बेटा जब कलेक्टर बनेगा और बेटी डॉक्टर बनेगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ और देश के विकास में समाज का अधिकतम योगदान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री चौधरी ने 4 सूत्र बताए जिनमें शिक्षा समिति का गठन, कृषि आधारित उद्योग, सामाजिक समरसता और छत्रपति शिवाजी महाराज व राजा राम चंद्र के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा के सूत्र शामिल थें। उद्बोधन के अंत में जब उन्होंने श्राजा राम चंद्र की जयश और श्छत्रपति शिवाजी महाराज की जय का उद्घोष किया तो पूरा पंडाल जयघोष से गूंज उठा।

### केलो पदयात्री शिव राजपूत की याद में किया पौधरोपण

**झलमला।** रायगढ़ जिले के जीवन दायिनी केलो नदी का केलो पर्यावरण प्रेमी शिवराज पुत जी द्वारा केलो के उद्गगम और संगम और संगम उद्गम की पैदल पदयात्रा के दौरान नेतनगर से 2019 को 6 जुन को उद्गम की ओर गये नेतनागर केलो नदी से गुज़रे और उन्होंने कहा कि नेतनागर गांव अपने आप में संग्रहालय से कम नही है। जिले के एतिहासिक मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है पांडव पटेल उन्हें स्मरण करते हुए वक्षारोपण गांव के बड़े तालाब में किये पांडव ने बताया कि राजपूत पर्यावरण प्रेमी पुरातात्विक वेदा के वरिष्ठ पत्रकार भी थे।

### प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए आवेदन आज तक

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर ने बायोलॉजी से बारहवीं उत्तीर्ण युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए 08 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसी प्रकार ड्राइंग के साथ बारहवीं उत्तीर्ण या बारहवीं उत्तीर्ण युवाओं से जल संसाधन विभाग के अनुरेखक सिविल पद के लिए 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन लिया जाएगा।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 जुलाई को

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों से 20 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

# अनुसूचित जाति, जनजाति समुदायों के समग्र विकास को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों के अध्ययन एवं समीक्षा के लिए ऊटी में आयोजित संसदीय समिति के अध्ययन दौरे में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान समिति की बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के कल्याण और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रभाव और जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक किस प्रकार पहुंच रहा है तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समाधान कैसे किया जा सकता है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर योजनाओं की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में संसदीय समिति के अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते सहित समिति के सभी सदस्य सांसद एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर प्राप्त सुझावों और निष्कर्षों के आधार पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में आगे की रणनीति पर भी विचार किया गया।



अध्ययन दौरे पर पहुंची संसदीय समिति की टीम।

### सामाजिक न्याय सरकार की प्राथमिकता : देवेंद्र

बैठक के दौरान सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के वंचित, कमजोर और पिछड़े वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में संचालित योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही इससे वंचित न रहे।

## हत्या और लूट के आरोपी को सात साल सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या और लूट के आरोपी अस्मित नाग को सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई तथा अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश दिया। अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला थाना घरघोड़ा के स्थानीय पेट्रोल पंप गोमती फ्यूल्स कसैया में 28 अप्रैल 2024 को रात करीब 11-12 बजे पेट्रोल पंप के आफिस में कर्मचारी राजकुमार यादव और उमेश यादव सो रहे थे।

पंप का मालिक खीरू राय अपने कार्यालय के कम्प्यूटर में कुछ काम कर रहा था। उसी दौरान अभियुक्त अस्मित नाग सीधा कार्यालय के अन्दर जाकर खीरू राय से पैसे रखने वाला बैग उठा कर बाहर जाने लगा। उसके इरादे को भांप कर खीरू राय उससे बैग छीनने लगा। बैग को कहां ले जा रहे हो कहते हुए अभियुक्त के सामने आ गया तभी अभियुक्त खीरू राय के पेट में चाकू से दो बार हमला कर दिया और घरघोड़ा शासकीय कालेज की तरफ अंधेरे में भाग गया। पंप में सोये दोनों कर्मचारी हल्ला सुन कर उठे और अपने मैनेजर को जगाए तथा आहत खीरू राय को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रायगढ़ रिफर किया गया था। प्रार्थी राजकुमार यादव की सूचना के आधार पर थाना घरघोड़ा के तत्कालीन उप निरीक्षक ने विवेचना प्रारंभ की तथा संदेही अस्मित नाग से पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। विवेचना पूर्ण होने पर अभियुक्त के विरुद्ध चालान तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए तथा सभी साक्षियों के कथन दर्ज कर उभय पक्ष के तर्क सुनने करने के पश्चात अभियुक्त अस्मित नाग को धारा 458, 394 एवं धारा 307 के तहत दोषी पाते हुए पृथक पृथक धारा में 7-7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई तथा एक-एक हजार के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश सुनाया। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

## बूथ स्तर को मजबूत और सक्रिय बनाने की बनी रणनीति, कार्यकर्ता जुटे



**रायगढ़।** रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सियारपाली में रमाकांत राठिया के निवास पर लोईंग भाजपा मंडल कार्यसमिति की महत्वपूर्ण मासिक बैठक लोईंग भाजपा मंडल प्रभारी पावन अग्रवाल ने ली। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा मंत्री एवं लोईंग भाजपा मंडल प्रभारी पावन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और बूथ स्तर की मजबूती पर आधारित है। उहोने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने सफल 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इन 12 वर्षों में सरकार ने देश के विकास को एक नई ऊंचाई दी है। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्योंए जनकल्याणकारी योजनाओं और देशहित में लिए गए बड़े फैसलों की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के बीच विस्तार से साझा किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

### 8 साल से बीमार महिला का हुआ आधार अपडेट


**सारंगढ़।** 8 साल से बिस्तर में पड़े पत्नी का आधार अपडेट हो गया। गले की हड्डी टूट जाने के कारण लगभग 8 सालों से बिस्तर पर जीवन जीने को मजबूर एक महिला का आधार अपडेट करने पति ने कलेक्टर जन दर्शन में आवेदन दिया था। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया था। कलेक्टर जनदर्शन में महिला के आधार अपडेट के लिए उसके पति के आवेदन पर कलेक्टर के निर्देशन में ई.गवर्नेंस की टीम उसके घर पहुंची थी। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस गंगाधर विश्वकर्मा के अनुसार इस लाचार महिला के दैनिक कार्य भी दूसरों के भरोसे होते हैं। वर्तमान समय में सबसे जरूरी आधार की पहचान कैसे पायें यह उसके सामने एक बडी समस्या थी। ग्राम सेमरिया निवासी अशोक सोनवानी ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर बताया था कि उनकी पत्नी पिछले 08 वर्षों से बिस्तर पर हैं और चल फिर नहीं सकतीं। कलेक्टर द्वारा आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ई गवर्नेंस की टीम को दिव्यांग के घर जाकर आधार अपडेट करने के निर्देश दिए गए जिसके बाद बुधवार को टीम अपना पूरा सेटअप लेकर महिला के घर पहुंची और सारी प्रक्रिया पूरी करवाई।

## सुशासन तिहार में प्रशासन की संवेदनशील पहल

# वृद्धजन और दिव्यांगजन को मिले सहायक उपकरण

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिलेभर में आयोजित समाधान शिविरों में प्रशासन द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न विकासखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को वॉकरए वॉकिंग स्टिक तथा श्रवण यंत्र प्रदान कर उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

विकासखंड धरमजयगढ़ के बाकारूमा में 2 जून को आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्षा एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बालकपोड़ी बाकारूमा निवासी शिवप्रसाद, सिसरिंगा निवासी बंकट सिंह राठिया तथा चरखापारा बाकारूमा निवासी गुलाब को वृद्धजन छड़ी प्रदान की गई। इसी प्रकार 3 जून को लैलूंगा विकासखंड के ढोर्रोबीजा में आयोजित शिविर में वरिष्ठ नागरिक देवसिंह सिदार एवं पेतराम सिदार को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई।



वहीं बैस्कीमुड़ा निवासी दिव्यांग हितग्राही सेवन कुमार चौहान को भी चलने.फिरने में सुविधा हेतु वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई। 4 जून को खरसिया विकासखंड के छोटे मुड़पार में आयोजित शिविर में भैनापारा निवासी तुषार रौतिया को डिजिटल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। वहीं कुशवाराम सिदारए अघोरी दास महंतए भोकलो पटेल एवं नान्हूराम पटेल को समायोज्य वॉकिंग स्टिक वितरित की गई। 5 जून को धरमजयगढ़ विकासखंड के छाल में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में सांसद राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत सदस्या रजनी राठिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के करकमलों से छाल निवासी श्रीमती मनकुंवर महंतए श्रीमती गुरबारी राठिया तथा नवापारा छाल निवासी श्रीमती गंगाबाई पटेल को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। 6 जून को जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत तारापुर में आयोजित शिविर में ग्राम नंदेली निवासी हुलसराम मालाकार के आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें एक वॉकर एवं एक वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। इसी प्रकार गनपत यादव को समायोज्य वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई। चलने फिरने में असमर्थ हितग्राही को जनप्रतिनिधियों द्वारा मंच से उतरकर वॉकर प्रदान किया गयाए जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

शिविरों के दौरान समाज कल्याण विभाग के उग्रसेन पटेल द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। उन्होंने दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रियाए दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना तथा क्षितिज अपार संभावनाएं योजना के अंतर्गत संचालित उच्च शिक्षा प्रोत्साहन, सिविल सेवा प्रोत्साहन एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनाओं के संबंध में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन उपकरणों से उनकी दैनिक गतिविधियां सुगम होंगी तथा उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने में सहायता मिलेगी। सुशासन तिहार के शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं।

## नींव के गड्ढे में गिरे गोवंश को बचाया



**पुसौर।** तेज आंधी बारिश से पहले जनपद पंचायत कार्यालय के सामने लापरवाही भारी पड़ते-पड़ते टल गई। अनिरुद्ध मेहर द्वारा मकान निर्माण के लिए खोदे गए नींव के गड्ढे में एक गाय गिर गई थी। गाय लगभग 3 घंटे तक गड्ढे में फंसी रही, लेकिन नगर अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि व अन्य लोगों के अथक प्रयास से उसकी जान बचा ली गई। घटना की जानकारी पड़ोस के रहवासी प्रवीण गुप्ता को तब हुई जब उन्होंने गोवंश के रंभाने की आवाज सुनी। प्रवीण ने तुरंत नगर के प्रमुख मोहित सतपथी को सूचना दी। उन्होंने देर न करते हुए अंशु साव, बड़े हल्दी के पूर्व सरपंच सुधांशु साहू सहित आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। मामले की नजाकत को देखते हुए सभी लोग तत्काल घटनास्थल पहुंचे। इस बीच बारिश शुरू हो जाने से कुछ देर इंतजार करना पड़ा। बारिश थमते ही जेसीबी मंगवाई गई। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी से गड्ढे की मेड़ हटाई गई और फंसी गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गोवंश को सकुशल बाहर आने के बाद नगर अध्यक्ष मोहित सतपथी और अंशु साव ने अनिरुद्ध मेहर के परिजनों को सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्य के लिए खोदे गए नींव गड्ढों की तुरंत घेराबंदी की जाए ताकि कोई भी मवेशी या बच्चा वहां न गिरे।

## एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**रायगढ़।** देश के अग्रणी इस्पात एवं ऊर्जा उत्पादक संस्थानों में से एक एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड को प्रतिष्ठित आईआईएनए 2026 अवार्ड समारोह में दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह समारोह नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के उद्योग जगत, नीति-निर्माताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

समारोह में एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी बीरेन्द्र कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, कुशल प्रबंधन तथा औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड को विनिर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार, गुणवत्ता, सतत विकास एवं औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया। एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड ने इस सम्मान के लिए आईआईएनए 2026 के आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी आने वाले समय में भी गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगी तथा देश के औद्योगिक विकास में उसके योगदान को और सशक्त बनाएगी।




## एक जड़ दो पेड़, एक आम तो दूसरा नीम दे रहे मीठे और कटु अनुभव का संदेश



**बरमकेला।** प्रकृति अक्सर ऐसे दृश्य रच देती है जो बिना शब्दों के भी जीवन का गहन संदेश दे जाते हैं। यह तस्वीर भी ऐसा ही एक संदेश समेटे हुए है। एक ही जड़ से जुड़े आम और नीम के वृक्ष, ऊपर जाकर भले ही अलग अलग दिखाई देते हों, किंतु उनका आधार एक ही है। आम अपने मधुर फलों और सुखद गुणों के लिए जाना जाता है, जबकि नीम अपनी कड़वाहट के बावजूद औषधीय एवं जीवनदायी गुणों के लिए प्रसिद्ध है। दोनों वृक्षों का एक साथ विकसित होना मानव जीवन की उन परिस्थितियों का प्रतीक है जिनमें सुख और दुःख, अनुकूलता और प्रतिकूलता साथ साथ विद्यमान रहते हैं। जीवन के मधुर अनुभव आम की तरह आनंद, उत्साह और संतोष प्रदान करते हैं, वहीं कड़वे अनुभव नीम की भाँति हमें धैर्य, संघर्ष और सीख का अमूल्य उपहार देते हैं। यदि सुख हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, तो कठिनाइयाँ हमें मजबूत और परिपक्व बनाती हैं। एक ही जड़ से जुड़े ये दोनों वृक्ष मानो यह संदेश दे रहे हैं कि जीवन की पूर्णता केवल सुख में नहीं, बल्कि सुख और दुःख दोनों को स्वीकार कर उनसे सीखने में है।

## खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक गोष्ठी

# गोढ़ी के किसानों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड तमनार के ग्राम गोढ़ी में कृषक चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को हरी खाद के उपयोग, बीजी, ब्लू ग्रीन एल्गी खाद, जैविक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा खरीफ मौसम की पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है। खेतों की उत्पादकता एवं मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए हरी खादए जैविक खाद तथा जैव उर्वरकों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने किसानों को धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व बीज उपचार, मृदा परीक्षण तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जून से 30 जून तक पूरे देश में खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करना तथा वैज्ञानिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। इसके तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, उन्नत बीजों का उपयोग, हरी खाद, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा जल संरक्षण आधारित खेती के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषक चर्चा के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि यंत्रीकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों ने अभियान के उद्देश्यों की सराहना करते हुए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा मिट्टी की उर्वरता संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



## घरघोड़ा बस स्टैंड में वाटर फ्रीजर की सुविधा

**घरघोड़ा।** भीषण गर्मी के बीच आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घरघोड़ा मुख्य बस स्टैंड में वाटर फ्रीज़र शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष उस्मान बेग द्वारा विधायक लालजीत सिंह राठिया के सहयोग से मुख्य बस स्टैंड परिसर में वाटर फ्रीजर वाटर कूलर स्थापित कराया गयाए जिससे प्रतिदिन हजारों यात्रियों, मजदूरों, ग्रामीणों, व्यापारियों एवं नगरवासियों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

ज्ञात हो कि घरघोड़ा बस स्टैंड क्षेत्र नगर का प्रमुख आवागमन केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। गर्मी के साथ साथ हर मौसम में शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है। इसी आवश्यकता को समझते हुए यह जनहितकारी पहल की गई है, जिसे स्थानीय नागरिकों ने सराहनीय कदम बताया है। इस अवसर पर उस्मान बेग ने कहा कि जनसेवा का वास्तविक अर्थ लोगों की जरूरतों को समझकर उनके समाधान के लिए कार्य करना है। प्यासे को पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य और मानवता की सच्ची सेवा है। इससे पूर्व भी उस्मान के प्रयास से घरघोड़ा कालेज, लाइब्रेरी और अन्य मुख्य स्थानों पर ऐसा प्रयास किया गया है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिव शर्माए पूर्व अध्यक्ष ऋषि मित्तल, वरिष्ठ नेता सोमदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद धनेश्वर साहू, ब्लॉक महामंत्री लीलाधर साहू, पार्षद संजय डोंडे, पार्षद तिलेश्वर पैंकरा, पार्षद प्रतिनिधि नारायण शर्मा, पूर्व पार्षद सरोज एक्का, पूर्व पार्षद अभिताभ लहरे पप्पू, जिला उपाध्यक्ष आदित्य दासे, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष शिवम गुप्ता मौजूद रहे।

